# प्रतिलिप्यधिकार कार्यालय नई दिल्ली ,
## राजभाषा नीति के अनुपालन संबंधी वार्षिक कार्यक्रम
## (वित्तीय वर्ष 2026-27)

| क्र. सं. | विषय | कार्यक्रम का ब्योरा |
|---|---|---|
| 1. | हिंदी के प्रगामी प्रयोग संबंधी तिमाही प्रगति रिपोर्ट<br><br>अप्रैल - जून, 2026<br>जुलाई - सितंबर, 2026<br>अक्टूबर - दिसंबर, 2026<br>जनवरी - मार्च, 2027 | प्रत्येक तिमाही के अंत में त्रैमासिक रिपोर्ट तैयार करने हेतु आईटी विभाग तथा सभी अनुभागों से आवश्यक आंकड़े/सूचनाएँ एकत्रित की जाती हैं। तत्पश्चात, उक्त आंकड़ों के आधार पर तैयार की गई त्रैमासिक रिपोर्ट महानियंत्रक कार्यालय को प्रेषित किया जायेगा है। |
| 2. | राजभाषा कार्यान्वयन समिति<br><br>अप्रैल - जून, 2026<br>जुलाई - सितंबर, 2026<br>अक्टूबर - दिसंबर, 2026<br>जनवरी - मार्च, 2027 | जनवरी – मार्च, 2026 की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक 27 मार्च, 2026 में आयोजित की गयी थी। तदनुसार आगामी 4 तिमाहियों की बैठक समान अंतराल पर आयोजित करने कीयोजना है। |
| 3. | हिंदी कार्यशाला<br><br>अप्रैल - जून, 2026<br>जुलाई - सितंबर, 2026<br>अक्टूबर - दिसंबर, 2026<br>जनवरी - मार्च, 2027 | वर्ष के दौरान पेटेंट कार्यालय तथा ट्रेडमार्क रजिस्ट्री, दिल्ली द्वारा विभिन्न हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उक्त कार्यशालाओं में भाग लेंगे।<br><br>कार्यालय के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को वर्ष के दौरान कम से कम एक कार्यशाला में नामित किये जाने की योजना है। |
| 4. | भाषा प्रशिक्षण | महानियंत्रक कार्यालय के निर्देशानुसार कार्यालय में राजभाषा परीक्षण (पारंगत) का आयोजन किया जाएगा। |
| 5. | हिंदी पखवाड़ा | महानियंत्रक कार्यालय से प्राप्त अनुमोदन के अनुसार, सितंबर माह में ट्रेडमार्क रजिस्ट्री, दिल्ली के सहयोग से हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया जाता है। |
| 6. | विविध | भारत सरकार गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग तथा वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय और महानियंत्रक कार्यालय द्वारा जारी आदेशों का समय-समय पर अनुपालन सुनिश्चित करने की कार्यवाही जारी रखने की योजना है। |